प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनांक- 18.06.2026

- **थाना मंगलपुर पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए हत्या की घटना कारित करने वाले वांछित 01 अभियुक्ता को किया गया गिरफ्तार।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, दिनांक 12.06.2026 को थाना मंगलपुर पर वादी द्वारा तहरीर दी गयी कि अभियुक्तगण द्वारा मुकदमा वादी की पड़ोसी ज्योति पुत्री मान सिंह की हत्या करके शव को छिपाने के लिये कार में लादकर ले जाकर सेंगुर नदी में फेंक देने के संबंध में दी गयी । जिसके आधार पर थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात पर मु0अ0स0 156/2026 धारा 103(1)/238ए बीएनएस बनाम रेखा देवी आदि 04 नफर अभियुक्त के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। थाना मंगलपुर पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में कार्यवाही करते हुए वांछित नामित अभियुक्त मिलन पुत्र मान सिंह ग्राम चन्द्रकुरा थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात को आज दिनांक 18.06.2026 को ग्राम औरंगाबाद मोड, मंगलपुर झींझक मार्ग पर, बाबा मजार के पास बनी पुलिया थाना क्षेत्र मंगलपुर से गिरफ्तार किया गया। गिफ्तारशुदा अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष नियमानुसार प्रस्तुत किया जा रहा है।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्ता का विवरण-

1. मिलन उम्र करीब 23 वर्ष पुत्र मान सिंह निवासी ग्राम चन्दकुरा थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात ।

पूछताछ अभियुक्त – अभियुक्त ने बताया कि मेरा बड़ा भाई वीरू बाहर रहकर मजदूरी करता है औऱ मैं घर पर अपने पिता मानसिंह, माँ राममूर्ति, अपनी बहन ज्योति उर्फ चन्टू व अपनी भाभी रेखा के साथ रहता था। भाई वीरू के घर न रहने पर मेरे भाभी रेखा देवी से अवैध सम्बन्ध हो गये थे। दिनांक 05.06.2026 को शाम को मेरे पिता मान सिंह जो मेरी बहन ज्योति की शादी तय हुई थी ग्राम खिरवा, डेरापुर में उसके होने वाले पति पियूष के बाबा की मृत्यु हो गयी थी जिसमें गये थे वहां से रिश्तेदारी में ग्राम शाबापुर शादी में चले गये थे व मेरी माँ श्रीमती राममूर्ति मेरी मझली बहन आरती की ससुराल लालजी का पुरवा गयी थी एंव मेरी बहिन ज्योति पडोंस में कही गयी थी । जिसके कारण मैं औऱ मेरी भाभी रेखा देवी घर पर एकदम अकेले थे और हम दोनों आपत्तिजनक स्थिति में थे तभी एकदम से ज्योति घर पर आ गयी और हम लोगो को आपत्तिजनक स्थिति में देखकर चिल्लाने लगी । पकड़े जाने के भय से मैने व भाभी रेखा देवी ने धारदार चाकू से ज्योति की हत्या कर दी। घटना के बाद मैने व मेरी भाभी रेखा देवी ने पिता मान सिंह को जानकारी दी। इसके पश्चात मैने, अपने पिता मान सिंह, व अपने रिश्तेदार सुनील उर्फ मौला निवासी नबाबपुर उनके साथ उसका दोस्त सोनू पुत्र कल्लू निवासी ग्राम खानपुर अपनी कार में ज्योति के शव को दरी में लपेटकर उसी में चाकू को साथ रखकर कार से ले जाकर सेंगुर नदी में फेंक दिया था। दिनांक 08.06.2026 को पुलिस को ज्योति का शव मिलने की जानकारी मिलने पर हम सभी लोग घर से भाग गये थे। और आज मैं अपने गांव कुछ पैसे लेने आया था पैसे लेने के पहले ही आपने मुझे पकड़ लिया ।

गिरफ्तार करने वाली थाना मंगलपुर पुलिस टीम-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री महेश कुमार दुबे
2. हे0का0 29 अवनीश यादव
3. रि0का0 1097 अभय प्रताप
4. रि0का0 1304 रवेन्द्र
5.. रि0म0का0 1351 दीक्षा